>Title: Need to provide compensation to the farmers whose crops have been affected due to drought in Kodarma Parliamentary constituency, Jharkhand. − Laid

श्री तिलकधारी प्रसाद सिंह (कोडरमा): अध्यक्ष महोदय झारखंड राज्य के अंतर्गत कोडरमा लोक सभा क्षेत्र में गिरीडीह, कोडरमा और हजारीबाग जिले आते हैं। इन तीनों जिलों में वा्रा के अभाव के कारण भदई की फसल बरबाद हो गयी है और धान की अभी तक रोपाई नहीं हो पायी है। यदि अभी भी वा्रा नही हुई तो तीनों जिलों के किसानों के सामने बहुत ही गंभीर समस्या खड़ी हो जायेगी और उनकी आर्थिक स्थिति बहुत ही कमजोर होगी। मेरी भारत सरकार से मांग है कि इन तीनों जिलों के किसानों को उनकी बरबाद हुयी फसल का शीघ्र मुआवजा दिया जाये ताकि उनकी आर्थिक स्थिति सुदृढ़ हो सके।